<u>आईटीआई लिमिटेड, पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय में हिंदी पखवाड़ा-2018 हर्षोल्लास के साथ आयोजित</u>

आईटीआई लिमिटेड की बेंगलूरु स्थित यूनिटों/कार्यालयों में दिनांक 01.09.2018 से 25.09.2018 तक हिंदी पखवाड़ा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पखवाड़े के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पखवाड़े का समापन समारोह बेंगलूरु स्थित यूनिटों/कार्यालयों हेतु संयुक्त रूप से दिनांक 25.09.2018 को आयोजित किया गया।

समापन समारोह के दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया तथा कार्यक्रम को और अधिक रूचिकर बनाने हेतु बेंगलूरु स्थित हिंदी के सम्मानित कवि डॉ. सुनील जैन ने अपनी हास्य एवं प्रेरणाप्रद रचनाओं से समारोह में उपस्थित सभी श्रोताओं का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि, डॉ. टी.जी.प्रभाशंकर प्रेमी, सेवानिवृत्त हिंदी प्रोफेसर, बेंगलूरु विश्वविद्यालय, बेंगलूरु, ने आधार व्याख्यान में राजभाषा से संबंधित अपने अनुभवों को श्रोताओं के साथ बांटा और भाषा के महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया।

समारोह के मुख्य अतिथि, श्री आर.एम.अग्रवाल, निदेशक-विपणन एवं मा.सं. ने समारोह में उपसथित मुख्य अतिथियों का अभिनंदन करते हुए सभी को हिंदी दिवस की बधाईयाँ देते हुए कहा कि भाषा किसी भी देश के सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं दार्शनिक पहलुओं को जानने समझने का सशक्त एवं प्रभावी माध्यम होती है ।

समारोह के अध्यक्ष, श्री के. अलगेसन ने अपने अध्यक्षीय भाषण में राजभाषा को अपने दैनिक कार्यो में प्रयोग करने का आह्वान करते हुए सभी को हिंदी दिवस के अवसर पर बधाईयाँ दी। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि राजभाषा के संबंध में बनाए गए अधिनियम, नियमों और समय-समय पर जारी किए गए आदेशों का अनुपालन करते हुए, हमें अपने काम-काज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने का भरसक प्रयास करना चाहिए।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को श्री के.अलगेसन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, डॉ. टी.जी.प्रभाशंकर प्रेमी, सेवानिवृत्त हिंदी प्रोफेसर, बेंगलूरु विश्वविद्यालय, बेंगलूरु, श्री आर.एम.अग्रवाल, निदेशक-विपणन एवं मा.सं., श्री वाई. मुरलीधर, इकाई प्रमुख, बेंगलूरु प्लांट तथा श्री ए.के.बजोरिया, इकाई प्रमुख, एन.एस.यू. द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए ।